# उत्तराखण्ड संयुक्त राज्य बी.ए. बी.एड./बी.एस.सी. बी.एड. चार वर्षीय इंटीग्रेटेड पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु नियम एव शर्तें।

श्री देव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय से सम्बद्ध निजी स्ववित्त पोषित संस्थान पेस्टलवीड कॉलेज, राजपुर रोड, देहरादून में बी०ए० बी०एड०/बी०एस०सी० बी०एड० चार वर्षीय इंटीग्रेटेड कोर्स सत्र 2025–2029 की 100 सीटों पर (50 कला वर्ग 50 विज्ञान वर्ग) में प्रवेश हेतु निम्न विवरणानुसार प्रवेश हतु ऑनलाईन आवेदन पत्र आमन्त्रिंत किये जाते हैं, इच्छुक अभ्यर्थी निर्धारित तिथि तक अपना आवेदन पत्र ऑनलाईन माध्यम से भर सकते हैं। प्रवेश की तिथि, शर्त एवं अर्हता सम्बन्धी विवरण निम्नानुसार है–

| | | |
|---|---|---|
| 1 | ऑनलाईन आवेदन पत्र पंजीकरण एवं शुल्क जमा करने की प्रारम्भिक तिथि | 09 जुलाई, 2025 |
| 2 | ऑनलाईन आवेदन पत्र पंजीकरण एवं काउन्सलिंग शुल्क जमा करने की अन्तिम तिथि | 30 जुलाई, 2025 |
| 3 | काउन्सलिंग एवं प्रवेश | 01.08.2025 से 10.08.2025 |

## प्रवेश हेतु शुल्क विवरण

| क0 सं0 | विवरण | पंजीकरण शुल्क | काउन्सलिंग शुल्क | कुल योग |
|---|---|---|---|---|
| 01 | सामान्य एवं अन्य पिछडा वर्ग के अभ्यर्थियों हेतु | 50.00 | 500.00 | 550.00 |
| 02 | अनु0जाति/अनु0 जनजाति/ विकलांग अभ्यर्थियों के लिये | 50.00 | 350.00 | 400.00 |

ऑनलाइन व्यवस्था के तहत ही शुल्क का भुगतान किया जाय।

## आवश्यक निर्देश

(क)– राज्य सरकार /भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त किसी बोर्ड/परिषद से 12वीं या इसके समकक्ष परीक्षा में कम से कम 50 प्रतिशत अंक पाने वाले अभ्यर्थी प्रवेश प्रक्रिया में सम्मिलित होने के लिए अर्ह होगें।

(ख)– अनु० जाति/अनु0 जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग/विकलांग अभ्यार्थियों के लिए अनिवार्य शैक्षिक अर्हता में 5 प्रतिशत अंको की छूट होगी ।

## प्रवेश प्रकिया

(क)– इंटीग्रेटेड बी0एड0 सत्र 2025–29 (बी0ए0 बी0एड0 एवं बी0एस0सी0 बी0एड0) हेतु प्रवेश प्रक्रिया मेरिट के आधार पर सम्पन्न की जायेगी तथा मेरिट इण्टरमीडियेट के प्राप्ताकों के आधार पर बनायी जायेगी।

(ख)– अभ्यर्थियों के मूल अंकों का सत्यापन संस्थान स्तर पर सम्पन्न किया जायेगा तथा सत्यापन के उपरान्त अभ्यर्थियों को प्रवेश दिया जायेगा।

(ग)– **यदि अभ्यर्थियों द्वारा गलत या असत्य/भ्रामक सूचना एवं भ्रामक अभिलेख आवेदन फार्म में अपलोड किये जाते हैं तो सम्बन्धित अभ्यर्थी का प्रवेश निरस्त कर दिया जायेगा जिसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व सम्बन्धित अभ्यर्थी का होगा।**

(घ) – प्रवेश, बी०ए० बी०एड०/ बी०एस०सी० बी०एड0 04 (चार) वर्षीय इंटीग्रेटेड कोर्स, पेसल वीड कॉलेज ऑफ इन्फॉरमेशन टेक्नोलॉजी, मसूरी रोड, देहरादून में ही होगा जिसमे 50 कला वर्ग, 50 विज्ञान वर्ग में प्रवेश हेतु सीटें निर्धारित है।

(ड)– वाणिज्य विषय में 12वीं या इसके समकक्ष उत्तीर्ण अभ्यर्थी को कला समूह में रखा जायेगा।

(च)– विज्ञान विषय में 12वीं या इसके समकक्ष उत्तीर्ण अभ्यर्थी को विज्ञान समूह में रखा जायेगा।

(छ) प्रवेश में सफल अभ्यर्थियों को काउंसिलिंग के पश्चात वरीयता के आधार पर प्रवेश दिये जायेगें।

## विशेष निर्देश

1. बी०ए० बी0एड0, बी०एस०सी० बी०एड० Integrated Course प्रवेश परीक्षा आवेदन को सावधानी पूर्वक भरें तथा सम्बन्धित वर्ग एवं श्रेणी पर तद्नुसार अंकित करे। किसी भी त्रुटि के लिए अभ्यर्थी स्वयं जिम्मेदार होगा।
2. आरक्षित श्रेणी के अभ्यर्थी आवेदन पत्र में दिये गये प्रारूप के अनुसार ही संबंधित प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करेंगे। इसी प्रकार अधिमान अंकों हेतु भी प्रमाण पत्र का प्रारूप इस विवरणिका में दिया गया है। इस प्रकार के सभी प्रमाण पत्र आवेदन पंजीकरण के पूर्व के निर्गत होने आवश्यक हैं।
3. ऑन लाइन आवेदन पत्र के अतिरिक्त अन्य किसी प्रकार का आवेदन–पत्र मान्य नहीं होगा। आवेदन पत्र की फोटो कापी मान्य नही होगी।
4. ऑन लाइन आवेदन पत्र भरे जाने के उपरान्त कोई भी अधिभार अंक संबंधी अथवा कोई भी अन्य प्रमाण–पत्र का दावा स्वीकार नही किया जायेगा।
5. किसी भी अभ्यर्थी का वर्ग परिवर्तित नही होगा अभ्यर्थी ने जिस वर्ग को ऑन लाइन आवेदन पत्र पर अंकित किया है उसका वर्ग वही रहेगा।
6. बी०ए० बी0एड0, बी०एस०सी० बी०एड० Integrated Course कक्षा में प्रवेश में आरक्षण की व्यवस्था उत्तराखण्ड शासन द्वारा बनाये गये नियमों के अन्तर्गत किया जायेगा। उन्हें आवेदन पत्र भरने से पूर्व ध्यान से पढ़ लीजिए।
7. यदि किसी अभ्यर्थी के आवेदन पत्र के साथ संलग्न प्रमाण–पत्र जाली पाये गये तो संबंधित अभ्यर्थी का प्रवेश रद्द करने का विश्वविद्यालय का पूर्ण अधिकार होगा तथा कानूनी कार्यवाही भी की जा सकती है।
8. किसी भी दशा में प्रवेश हेतु काउन्सलिंग शुल्क वापस नही किया जायेगा और न ही आगामी वर्षों हेतु सुरक्षित रखा जायेगा।
9. यदि किसी अभ्यर्थी ने किसी आरक्षित श्रेणी के लिये आवेदन किया है और अपने आवेदन पत्र के साथ सम्बन्धित प्रमाण पत्र संलग्न नही किया है तो उसका आवेदन पत्र निरस्त किये बिना सामान्य श्रेणी में परिवर्तित कर दिया जायेगा।
10. आवेदन पत्र पर संलग्न समस्त शैक्षणिक प्रमाण पत्र की छाया प्रतियां स्वयं हस्ताक्षरित होनी अनिवार्य है तभी काउसिलिंग में सम्मिलित होने दिया जायेगा। अधिभार अंको के लिये प्रमाण पत्रों के प्रारूप आवेदन पत्र संलग्न है। अन्तिम शैक्षणिक संस्था का स्थानान्तरण प्रमाण–पत्र एवं चरित्र प्रमाण पत्र की मूल प्रति भी प्रवेश के समय लाना आवश्यक है अन्यथा प्रवेश नहीं दिया जायेगा।
11. बी०ए० बी0एड0, बी०एस०सी० बी०एड0 Integrated Course कक्षा में प्रवेश के समय चिकित्सा प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया जाय कि अभ्यर्थी बी०ए० बी०एस०सी० बी०एड० Integrated Course के प्रशिक्षण के लिये पूर्णतः स्वस्थ्य है।

12. बी०ए० बी०एस०सी० बी०एड० Integrated Course प्रवेश परीक्षा की जानकारी के लिए पूर्ण विवरण देने पर ही विश्वविद्यालय कार्यालय उत्तर दे सकेगा तथा अपेक्षित कार्यवाही की जा सकेगी।

13. वाणिज्य के उच्चतर माध्यमिक/+2 या इसके समकक्ष को कला समूह में रखा जायेगा। इस प्रकार दो समूह होंगे।

    1. कला एवं वाणिज्य (कला समूह)
    2. विज्ञान समूह

विशेष – एक अभ्यर्थी केवल एक ही वर्ग चुन सकता है और एक बार में वर्ग (Category) को चुनने के उपरान्त अन्य किसी वर्ग में समायोजन किसी भी दशा में नहीं किया जायेगा।

14. प्रवेश हेतु पात्रता के सम्बन्ध आनलाईन आवेदन पत्र पर अभ्यर्थी के दावे के आधार पर प्रवेश / काउंसिलिंग करायी जायेगी। किसी भी प्रकार की गलत अथवा भ्रामक जानकारी आवेदन पत्र में भरने का उत्तरदायित्व अभ्यर्थी का स्वयं होगा।

(दिनेश चन्द्रा)
कुलसचिव।